nandgaon times june-27-1.qxd 6/27/2025 12:01 AM Page 1

शाला प्रवेशोत्सव - तिलक लगाकर कराया... पृष्ठ 2 | वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


शुक्रवार, 27 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 247, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए






# अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे नहीं रहे, हार्ट अटैक से हुआ निधन

## कवि कुमार विश्वास बोले- छत्तीसगढ़ की संस्कृति का एक हिस्सा चला गया



**रायपुर।( नांदगांव टाइम्स)** । हास्य की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले पद्मश्री सम्मानित कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे का गुरुवार को निधन हो गया। उन्हें हार्ट अटैक आया था। रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में उनका इलाज चल रहा था, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें नहीं बचाया जा सका। उनके निधन की खबर सबसे पहले उनके पारिवारिक मित्र और भाजपा नेता उज्ज्वल दीपक ने सोशल मीडिया के माध्यम से साझा की।

डॉ. दुबे के निधन से छत्तीसगढ़ ही नहीं, संपूर्ण साहित्य जगत शोक में डूब गया है। कवि डॉ. कुमार विश्वास ने सोशल मीडिया पर गहरा शोक जताते हुए लिखा— छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति के वैश्विक राजदूत, मुझे सदैव अनुजवत स्नेह देने वाले, बेहद ज़िंदादिल मनुष्य, कविश्रेष्ठ पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे जी का निधन सम्पूर्ण साहित्य-जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मेरे हृदय के रायपुर का एक हिस्सा, आपकी अनुपस्थिति को सदैव अनुभव करेगा भैया।

उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत कवि के पुत्र आशुतोष दुबे और पूरे परिवार को इस आघात को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

**कवि थे, कलाकार थे, जीवंतता के प्रतीक थे**

पद्मश्री सुरेंद्र दुबे को उनके ठेठ हास्य, छत्तीसगढ़ी अंदाज और जीवन के प्रति बेफिक्री ने एक अनोखी पहचान दी थी। टीवी से लेकर कवि सम्मेलनों तक उनकी उपस्थिति एक गारंटी हुआ करती थी— हंसी की, सोच की और आत्मा को छू लेने वाली सरलता की।

**2018 की झूठी मौत पर लिखी थी कविता**

साल 2018 में इंटरनेट पर अफवाह फैली थी कि सुरेंद्र दुबे का निधन हो गया है। दरअसल, राजस्थान के एक अन्य कवि सुरेंद्र दुबे के निधन की खबर को गलत तरीके से उनसे जोड़ दिया गया था। इस घटना पर उन्होंने व्यंग्यात्मक कविता लिखी थी, जिसे वो मंचों पर सुनाकर दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर देते थे। उनकी पंक्तियां आज फिर से लोगों को याद आ रही हैं— मेरे दरवाजे पर लोग आ गए, यह कहते हुए कि दुबे जी निपट गे भैया बहुत हंसात रिहीस
मैं निकला बोला - अरे चुप, यह हास्य का कोकड़ा है, ठहाके का परिंदा है

**हास्य का टाइगर अब नहीं रहा**

साहित्य की दुनिया में उन्हें च्व्हास्य का टाइगरज्ज् कहा जाता था। उन्होंने देश-दुनिया के मंचों पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति और हास्य को जिस सम्मान के साथ प्रस्तुत किया, वह विरला है। उनके निधन के साथ ही एक युग का अंत हुआ है। छत्तीसगढ़ ही नहीं, देश के हर कोने में उन्हें चाहने वालों की आंखें नम हैं।

# कवि सम्मेलन श्रोता संघ सदर बाजार ने कका दुबे के निधन पर शोक व्यक्त किया

## छत्तीसगढ़ साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति - अशोक पांडे

**राजनंदगांव।** छत्तीसगढ़ की माटी के लाडले सुपुत्र कविराज सुरेंद्र दुबे उर्फ कका के निधन पर सदर बाजार कवि सम्मेलन श्रोता संघ ने गहन शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने चरणों में स्थान देवे एवं उनके परिजनों एवं इष्ट जनों को इस विकट दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करें।

कवि सम्मेलन श्रोता संघ सदर बाजार राजनांदगांव का एक अनूठा संघ है जो विगत लगभग 40 वर्षों से एक साथ समूह में कवि सम्मेलन सुनने आसपास जाया करते थे। दुर्ग कृषि उपज मंडी में प्रतिवर्ष अनेक वर्षों से दुर्गा उत्सव पर कवि सम्मेलन की परंपरा रही है। यहां ये लगातार अनेक वर्षों तक समूह में जाते रहे हैं। इस समूह ने सुरेंद्र दुबे की मौजूदगी वाले कवि सम्मेलन को कभी भी मिस नहीं किया और हमेशा कुर्सीयों को छोड़कर मूंगफली,चना,प्रेमु महाराज की मोटी सेंव का स्टाक लेकर सामने लगे गद्दों में बैठकर कका यानि सुरेंद्र दुबे से सीधे संवाद कर कवि सम्मेलन का भरपूर मजा लेते रहे हैं।

राजनांदगांव कवि सम्मेलन श्रोता संघ,सदर बाजार के प्रमुख सूत्रधार वरिष्ठ पत्रकार व संपादक अशोक पांडे व वरिष्ठ पत्रकार विनेश चोपड़ा है तथा समूह के अन्य सदस्यों में वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम तिवारी, जयदीप शर्मा ,अशोक कोचर,नरेश गोलछा मदन उर्फ गल्लू चोपड़ा सुरेंद्र लूनिया, आशीष शर्मा,मुन्ना बेलापुरे, किरण चौहान,मोती बैद, तिलोक सठिया, अशोक भंसाली, किशोर बैद, जयचंद ललवानी,मलय गोलछा,राजेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विमल हाजरा सहित अन्य शामिल हैं।

वरिष्ठ पत्रकार एवं सपादक अशोक पांडे ने कहा कि सुरेंद्र दुबे उर्फ कका का निधन छत्तीसगढ़ साहित्य एवं भाषा तथा छत्तीसगढ़ काव्य की दुनिया एवं कवि सम्मेलन मंचों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से छत्तीसगढ़ ने अपना एक ऐसा लाडला सपूत को दिया है जिसने हमारे छत्तीसगढ राज्य तथा इसकी मीठी संस्कृति व बोली को न केवल देश के भीतर बल्कि सात समंदर पार सूदूर विदेशों तक पहचान दिलाई है।

### कवि सम्मेलन के मंचों में सुरेंद्र दुबे की अनुपस्थिति हमेशा खलेगी - विनेश चोपड़ा

विनेश चोपड़ा ने अपने शोक संदेश में कहा कि अब राजनांदगांव में या छत्तीसगढ़ मे होने वाले कवि सम्मेलन के मंचों में सुरेंद्र दुबे की अनुपस्थिति हमेशा खलती रहेगी। चोपड़ा ने कहा कि जब जब जहां भी कवि सम्मेलन का मंच सजेगा तब तब वे हमेशा याद आएंगे और उनकी यादें जब जब आएगी तो आंखें नम हो जाएगी। विनेश चोपड़ा ने कहा कि सुरेंद्र दुबे उर्फ कका ने कवि सम्मेलनों के बड़े से बड़े मंचों में शिरकत की लेकिन इस पर लैस मात्र भी अभिमान नहीं था। सरलता व सहृदयता की वे साक्षात मूरत थे।

# लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति : मुख्यमंत्री




**रायपुर।** लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। आज हम लोकतंत्र की फिज़ा में जिस आज़ादी का अनुभव कर रहे हैं, उसकी कीमत आपातकाल के दौरान कुछ लोगों ने यातना, अपमान और जेलों में समय काटकर चुकाई थी। इन लोकतंत्र सेनानियों की पीड़ा और संघर्ष को हर पीढ़ी तक पहुँचाना हमारा कर्तव्य है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित आपातकाल स्मृति दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने लोकतंत्र विरोधी ताकतों से सावधान रहने और लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को बेड़ियों में जकड़कर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। यह सब स्वतंत्र भारत में हुआ, लेकिन उस अमानवीयता ने अंग्रेजी हुकूमत की क्रूरता की याद दिला दी। आपातकाल के दौरान असहनीय कष्ट सहने वाले लोकतंत्र सेनानी आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन्होंने श्री सच्चिदानंद उपासने द्वारा लिखित पुस्तक च्वो 21 महीने: आपातकालज् का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि 25 जून 1975 को भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला दिन माना जाता है। आपातकाल में हजारों लोगों को बिना अपराध के जेलों में ठूंस दिया गया, मौलिक अधिकार छीन लिए गए और लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उन्होंने इस त्रासदी को बहुत करीब से देखा है। उनके स्वर्गीय बड़े पिताजी श्री नरहरि प्रसाद साय भी उस दौर में 19 महीने तक जेल में बंद रहे थे। उनके द्वारा सुनाए गए किस्से आज भी रोंगटे खड़े कर देते हैं।

# साधु भगवन्तों का सन सिटी मंगल प्रवेश आज





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी में चातुर्मास हेतु पधार रहे साधु भगवन्तों का तीन दिवसीय सन सिटी परिवार में मंगल प्रवेश 27 जून को शाम 4 बजे होगा, कैलाश नगर कांकरिया परिवार से विहार कर संत मुनि जी शाम 4 बजे यहां पधारेंगे। इनमें प्रमुख रूप से प.पू. विनय कुशल मुनि जी गणि, प.पू.नंदीषेण मुनि जी,पन्यास प्रवर वीरभद्र मुनि जी, म.सा. भव्य मुनि जी,सोमभद मुनि जी, सुहस्ती भद्र मुनि जी, प.पू.हंसभद्र बाल मुनि जी हैं। इनमें से दो वर्ष पूर्व विराग मुनि जी ने 171 उपवास किए हैं तथा एक माह पूर्व बाल मुनि जी दीक्षित हुए हैं। इस पावन कार्यक्रम हेतु सन सिटी के योगा शेड में भव्य तैयारी की जा रही है, जहां रोज सुबह 9 से 10 बजे तक साधु भगवन्तों का प्रवचन व्याख्यान होगा। संत मुनि जी का सन सिटी में निवास सुभाष कांकरिया जी के क्र - 23 में होगा। कार्यक्रम की पूरी तैयारी आयोजन समिति के संयोजक मिश्रीलाल गोलछा, रमेश ललवानी अध्यक्ष श्री तीर्थंकर समोसरण जिनालय, आनंद चोपड़ा अध्यक्ष, दिलीप गोलछा सचिव महावीर सन सिटी, विनोद बोहरा चेयरमैन महावीर ग्रुप एवं समाज के सभी वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में चल रही है। सन सिटी परिवार ने सभी से अनुरोध किया है आप सभी पधार रहे साधु भगवन्तों का दर्शन लाभ लेने अवश्य पधारें।

# एनबीआईएस बोरी में विश्व स्तरीय कैरियर काउंसिल




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विद्यार्थी जीवन में सही दिशा ज्ञान का होना बहुत आवश्यक है। दिशा के साथ विषय का चयन करना भी आवश्यक होता है। इसी दिशा को उचित मार्गदर्शन देने के लिए एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स के द्वारा बोरी स्थित नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल में करियर 9 सिलिकॉन वैली यू यस के मार्गदर्शन में कैरियर काउंसिल विशेषज्ञों के द्वारा 26 से 29 जून तक कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के पालकों एवं बच्चों के लिए विषय आधारित काउंसिल की व्यवस्था की गयी है। वाइस प्रेसिडेंट ट्रेनिंग एंड ऑपरेशन गुंजन झा,, टैलेंट व्हिस्पर डॉ मीरा देसाई, रूबल प्रजापति, सई कुलकर्णी एवं सीनियर मैनेजर आफटेक्नोलॉजी एंड कस्टमर सक्सेस भूवेश शर्मा की टीम द्वारा पालकों एवं बच्चों का मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जहां वन टू वन काउंसलिंग की जा रही है, काउंसिल का उद्देश्य बच्चों के विषय चुनाव पर आधारित है। सही समय में सही निर्णय लेने से सफलता की राह आसान होती है। कैरियर मार्गदर्शन से न केवल विषय चुनाव में मदद मिलेगी अपितु बच्चे को अपनी वास्तविकता का भी ज्ञान होगा। बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा साथ ही स्पष्ट रूप से विषय चुनाव में सहायता मिलेगी। इसी कड़ी में आज शाम एनपीपीएस बल्देवबाग में 6:30बजे से 7:30 के बीच पालको से रूबरू होने के लिए विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।

# अधिवक्ता गंगवानी बने छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के कानूनी सलाहकार



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के द्वारा नई कार्यकारिणी गठित की गयी जिसमें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आशीष गंगवानी को कानूनी सलाहकार का पद सौपा गया हैं द्य इस पर अधिवक्ता श्री गंगवानी ने छत्तीसगढ़ जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौपा गया है उसका मैं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा द्य साथ ही जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडो)के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रेशम सिंह ने कहा कि कानूनी मामलों में आपकी विशेषज्ञता और न्याय और सार्वजनिक सेवा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता निस्संदेह हमारे संगठन के लिए बहुत मूल्यवान होगी। हमें विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन और समर्थन के तहत, एसोसिएशन पारदर्शिता, जवाबदेही और समाज की सेवा के मूल्यों को बनाए रखना जारी रखेगी। प्रदेश सिंधी समाज के वरिष्ठ जनों ने भी अधिवक्ता आशीष गंगवानी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने विनोबा टीम और जिला प्रशासन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं ओपन लिंक फाउंडेशन के कंट्री हेड श्री संजय डालमिया द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं परिणाममूलक बनाने के लिए विनोबा एप के माध्यम से नि:शुल्क सहयोग शिक्षक सहायता कार्यक्रम के लिए ओएमयू पर हस्ताक्षर किए गए। जिले में विनोबा एप कार्यक्रम लांच किया गया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के नेतृत्व में जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाये गए है। जिले में विनोबा एप प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया है। जिला प्रशासन के शैक्षणिक कार्यक्रमों के बेहतरीन क्रियान्वयन एवं शासकीय स्कूलों की स्थिति सुधारने में विनोबा एप कारगर साबित होगा। विनोबा एप के तहत मोबाइल एप के माध्यम से भी स्कूलों को आवश्यक सहयोग, जिसमें डेटा संग्रह करने से लेकर परीक्षा के प्रश्न पत्र और शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि के लिए लर्निंग आउटकम की प्राप्ति किस तरीके से समय सीमा में की जा सकती है, के संबंध में जानकारी होगी। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में बच्चों के रिजल्ट को बेहतर करने के लिए इस एप के माध्यम से क्या सहयोग मिलेगा की। साथ ही इस एप के माध्यम से बच्चों में छात्रवृत्ति परीक्षाओं को लेकर उनकी तैयारी तथा जेईई और नीट की तैयारी बेहतर तरीके से परिणाममूलक करने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। एप पर एक क्लिक के साथ ही यह एप शिक्षकों को उपलब्ध हो जाएगा। यह कार्यक्रम केवल शासकीय स्कूलों के लिए नि:शुल्क सुविधाएं ओपन लिंक फाउंडेशन विनोबा एप के माध्यम से प्रदाय की जा रही है, जो जिले के कलेक्टर श्री सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के प्रयास से संभव हो पाया है। कार्यक्रम के लिए जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्योहरे, सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्री मनोज मरकाम, समग्र शिक्षा एवं ओपन लिंक फाउंडेशन श्री जितेंद्र सिंह तथा श्री हेमंत साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई । कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में किए जा रहे इस नवाचार में सभी शिक्षकों को अधिक से अधिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया है। इस एप के माध्यम से बच्चों में गुणवत्तायुक्त शिक्षा तथा परिणाम को बेहतर करने तथा प्रवेश परीक्षाओं में अच्छा स्थान प्राप्त करने के लिए एप के उपयोग किए जाने की अपील की है । समय-समय पर इस एप के माध्यम से समीक्षा बैठके भी जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा की जाएगी और इन बैठकों में इस एप के माध्यम से जो भी परिणाम प्रदर्शित होंगे उसे डाटा के आधार पर प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों, विकासखंड अधिकारियों की समीक्षा की जाएगी।

# एनपीपीएसए बल्देवबाग की छात्रा ने राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में छ.ग. का किया प्रतिनिधित्व



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों भिलाई महिला महाविद्यालय में 9 से 11 मई तक 9 वां राज्य स्तरीय सब.जूनियर कैडेट व जूनियर कराते चैम्पियनशीप का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश के 20 जिलो के लगभग 400 खिलाड़ी शामिल हुए थे। जिसमें राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्णए 8 रजत व 4 कांस्य पदक जीता। जिसमें सब.जूनियर बालिका वर्ग में नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूलए बल्देवबागए राजनांदगांव की छात्रा अहाना प्रसाद ने 1 स्वर्णए 1 रजत पदक प्राप्त करते हुएए स्वर्ण पदक विजेता के रूप में देहरादून में 11 से 15 जून तक आयोजित राष्ट्रीय कराते स्वर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों खिलाड़ियों ने अपना.अपना उकृष्ट प्रदर्शन दिया। जिसमें छण्गण् का स्थान 13वां रहा। छात्रा अहाना प्रसाद की इस उपलब्धि पर संस्था के डॉयरेक्टर नीरज बाजपेयीए श्रीमती सोनल बाजपेयीए सुश्री कुंतल बाजपेयीए प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लईए हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंगए खेल शिक्षक दुर्गेश साहू सहित सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ ने शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

# शाला प्रवेशोत्सव - तिलक लगाकर कराया गया बच्चों का मुंह मीठा

## इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में डायरेक्टर्स ने बताई भविष्य की योजनाएं ...

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )** नवीन शैक्षणिक सत्र 2025 – 26 की शुरुआत भव्य साज – सज्जा के साथ बच्चों को मंगल तिलक लगाकर मिठाई खिलाने के साथ की गई । उक्त अवसर पर शाला में उपस्थित पालकों को नांदगांव शिक्षा मंडल के संचालकों ने बच्चों की शिक्षा से संबंधित भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया । प्री – प्राइमरी से शुरू की गई नवीन शाला में इस वर्ष मिडिल कक्षा तक प्रवेश के लिए पालकों के रुझान ने वनांचल में अच्छा प्रतिसाद दिया है। नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूल , अंबागढ़ चौकी में 25 जून को आकर्षक साज – सज्जा के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया । बच्चों को मंगल तिलक लगाकर आगामी सत्र में प्रवेश के साथ ही शुभकामनाएं देते हुए मिठाई खिलाई गई । प्रारंभिक उद्बोधन शाला प्राचार्य डॉ सूर्यकांत मिश्रा ने देते हुए बताया कि नांदगांव शिक्षा मंडल का शिक्षा में योगदान कोई नया नहीं है । उन्होंने दिग्विजय महाविद्यालय की नींव रखने के साथ ही विधि



महाविद्यालय में कानून की शिक्षा देते हुए हजारों छात्रों को वकालत के पेशे से जोड़ा है । संस्था के अध्यक्ष सुरेश एच लाल ने कहा कि बच्चों में संस्कारों का प्रस्फुटन शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है । इसी उद्देश्य के साथ हमने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में शिक्षा का बीड़ा उठाया है । इसी कड़ी में संस्था के उपाध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल ने आंचलिक भाषा में पालको को संबोधित करते हुए शिक्षा को समाज सेवा का बेहतर माध्यम बताया । संस्था में प्रशासक के रूप में सेवाएं दे रहे डॉ. आर एन सिंह ने बताया कि आने वाले समय में यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होगी और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान करती रहेगी । कार्यक्रम में संस्था सचिव अनिल वार्ष्णेय , कोषाध्यक्ष कमलेश उबरानी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अशोक कोटड़िया ने भी बच्चों को तिलक लगाकर कक्षाओं में प्रवेश कराया ।

## सफाई दरोगा वार्ड प्रभारी संघ गठित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 51 वार्ड वाले इस नगर निगम के सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारी वार्ड प्रभारीयों ने संयुक्त बैठक आयोजित कर संगठन बनाया है बनाया है।



यह संगठन सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारीयों की समस्याएं सुलझाने मांग पूरी करवाने शासन प्रशासन के समक्ष आवेदन करने का काम करेगा। सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारीयो संघ का संगठन नगर पालिका निगम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारीयो द्वारा अपनी विभिन्न मांगों के लिए सामूहिक रूप से बैठक कर संघ का गठन किया गया है जिसमें सर्व सहमति से विभिन्न पदाधिकारियों का नियुक्ति किया गया है संरक्षण सपन साहू, प्रवक्ता लोकेश श्रीवास, अध्यक्ष प्रवीण झा, उपाध्यक्ष रामशरण रगड़े उपाध्यक्ष भूषण चौबे महामंत्री शुभम साहू सचिव राकेश ठाकुर सह सचिव कमलेश रामटेके कोषाध्यक्ष नेतुराम सोनवानी सह कोषाध्यक्ष गणेश सातर मिडिया प्रभारी विजेंद्र दास मानिकपुरी सह मिडिया प्रभारी वरूण सोनी महिला प्रकोष्ठ श्रीमति शीला सोनवानी उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमति सुनंदा कवडे उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष श्रीमति प्रीति संडेकर एवं सदस्य आकेश पांडेय, निवेश नेमपाडे,नरेश सारथी,मोहन भारती गजानंद वैष्णव रामकिशोर शर्मा अख्तर अली कमलेश ठाकुर राम कुमार रगड़े, अनीश अली,हरीदास मानिकपुरी,मिलन यादव मोहन यादव बसंत श्रीवास्तव सुनील घडश्याम आदि शामिल है।

## पुलिस की नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला फर्जी भर्ती दलाल गिरफ्तार

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक फर्जी दलाल को गिरफ्तार कर एक बड़े जालसाजी मामले का पर्दाफाश किया है।



ग्राम शीतलपानी निवासी आरोपी परदेशी टेकाम पिता प्रताप सिंह टेकाम द्वारा खुद को पुलिसकर्मी बताकर सहायक आरक्षक अथवा एसआई पद पर भर्ती कराने का झांसा दिया जा रहा था। आरोपी ने ग्राम घोठिया निवासी राम बघेल से तीन लाख तीन हजार छह सौ रुपये की ठगी की। इसमें से एक लाख तिरासी हजार छह सौ रुपये खातों के माध्यम से तथा शेष नगद राशि कवर्धा के सिग्नल चौक स्थित एक लॉज के पास आरोपी को दी गई, जिसकी पुष्टि दो गवाहों द्वारा की गई है। जब पीड़ित द्वारा राशि वापसी या नियुक्ति की मांग की गई, तो आरोपी द्वारा लगातार टालमटोल किया गया। अंततः मामला थाना कोतवाली में रिपोर्ट किया गया, जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह भापुसे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल और पंकज पटेल के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक कृष्णा चंद्राकर के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली में तत्काल अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## अवैध शराब का परिवहन करते आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिले में अवैध शराब, सट्टा एवं जुए के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।



इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पंडरिया भूपत सिंह धनेश्री के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी महेश प्रधान के नेतृत्व में थाना कुण्डा द्वारा एक अहम कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा के साथ संस्कार - अंजु!

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ज्ञान, चरित्र, संस्कार निर्माण कर बेहतर शिक्षा प्रदान करने वाली अग्रणी संस्था



सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय डोंगरगांव में 26 जून को विद्यालय प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ।विद्यालय प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि अंजु त्रिपाठी अध्यक्ष न.पं. डोंगरगांव , अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण सेन , पार्षद ,सभापति एवं अभिभावक उपस्थित थे, कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन , सरस्वती वंदना के साथ किया गया। भैया बहिनों का तिलक वंदन के साथ उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजू त्रिपाठी ने उद्बोधन में शिशु मंदिर की शैक्षणिक प्रणालियों पर प्रकाश डालते हुए समस्त भैया बहिनों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की ।

## कोकपुर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**डोंगरगांव( नांदगांव टाइम्स )।** 26 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोकपुर एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोकपुर में शाला प्रवेश उत्सव जिलापंचायत सदस्य जाग्रति चुन्नी यदु, जनपद पंचायत अध्यक्ष रंजीतापडौती के सानिध्य में मनाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोकपुर के शाला विकास समिति के अध्यक्ष देव कुमार साहू, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोकपुर के शाला विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा, ग्रामीण के अध्यक्ष नेमीचंद सिन्हा, शाला विकास समिति के सदस्य धर्मेन्द्र प्रसाद तिवारी, दरबार सिंह यादव,टोमेश्वर साहू एवं पालकों, ग्रामीणो, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने सम्मानित हुए। नवप्रवेशी -6 वो, 9वी, 11वीं के छात्र छात्राओं को गुलाल से टिका लगाया, मीठा खिला कर स्वागत किया जिला पंचायत सदस्य जाग्रति चुन्नी यदु ने शासन के योजना -मां के एक पेड़, शोक्ता गड्ढा के महत्व आदि, प्रेरणादायक कहानी बताकर मंत्रमुग्ध कर दिया।

## युगांतर के मानविक का राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के मानविक सेठिया ने राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। देहरादून में आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हजारों खिलाड़ियों के बीच पूरे भारत में तेरहवां स्थान अर्जित किया। इसके पहले मानविक ने राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप के सब जूनियर वर्ग में दो स्वर्ण पदक प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में 20 जिले के 400 खिलाड़ियों के बीच राजनांदगाँव जिले के खिलाड़ियों ने 12 स्वर्ण, 8 रजत, 4 कांस्य पदक प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप के लिए चयनित हुए। संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी,वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक( स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी, कराटे कोच टुकेश्वर चंद्राकर सहित युगांतर परिवार ने छात्र की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद पर नियुक्ति के लिए 2 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना राजनांदगांव (ग्रामीण-2) घुमका अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 उपरवाह में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 पद पर नियुक्ति के लिए 2 जुलाई 2025 तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण-2 राजनांदगांव में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है।

## निर्माण कार्यों में रेत की अनुउपलब्धता कलेक्टर, आयुक्त व महापौर को ज्ञापन सौंपा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकास निर्माण कार्यों में रेत की अनुउपलब्धता को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष व कांट्रेक्टर एसोसिएशन



के जिला सचिव आलोक बिंदल ने ठेकेदारों के साथ मिलकर कलेक्टर, आयुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि रेत की अनुउपलब्धता के चलते विकास निर्माण कार्यों में विलंब हो रहा है। श्री बिंदल ने बताया कि नगर पालिक राजनांदगांव में वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य एवं निकट समय में जारी किये गये कार्यादेशो के संबंध में लेख है कि शासन द्वारा रेती खनन 16 जून 15 अक्टूबर तक प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में चल रहे निर्माण कार्यो व चालू किये जाने वाल निर्माण कार्यों में रेटी की अनुउपलब्धता होगी। निर्माण एजेन्सीयो के द्वारा रेती की व्यवस्था कर पाना असंभव है। जिसके कारण निर्माण कार्यो में विलंब होना स्वाभाविक है। शासन के द्वारा जारी निर्देशों के परिपेक्ष में नियमो का पालन करते हुए निर्माण कार्यो को प्रतिवधित समय में स्थागत करना होगा । एवम् पुनः रेत खदान प्रारंभ होने पर ही निर्माण कार्य चालू किया जाना संभव होगा। उन्होंने मांग की है कि शासन के दिशा निर्देशो के परिपालान में समस्त जारी कार्यादेशो में 4 माह का अतिरिक्त समयावधी प्रदान की जावे। इस दौरान मुख्य रूप से कॉन्टैक्टर संगठन के जिला अध्यक्ष संजय सिंघी, जिला सचिव आलोक बिंदल, नरेन्द्र यादव, निखिल दास, किसुन यदु, संजय सोनी, शरद अग्रवाल, शीतल साहू, विकेश शर्मा, रविराज, सूरज कन्नौजे, अब्दुल रहीम, हेमराज साहू, हिमांशु सोनवाने, अमन यादव, आशीष चोपड़ा, सूरज कन्नौजे, हरीश शर्मा, सुरेश सिन्हा, नोहर सिन्हा, प्रवीण चक्रधारी, मनोज सिन्हा, योगेंद्र पांडे, कैलाश अहिरवार, गौरव खंडेलवाल, उत्तम जैन, अरुण शुक्ला, अतुल अग्रवाल, दिनेश जेवरानी, कमल सिन्हा, पीयूष शर्मा, समीर श्रीवास्तव, निक्कू सिंह अंकित सिंह, उज्जवल कसेर आदि उपस्थित थे।

## राशन मिलने में हो रही दिक्कत, तिथि बढ़ाने की मांग

### पार्षद व युकां नेता सद्दाम खत्री ने खोला मोर्चा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ सरकार के चावल उत्सव अंतर्गत आम उपभोक्ताओं को तीन महिने के लिए दिये जा रहे राशन प्रदान किया जा रहा है। लेकिन इस प्रक्रिया में हितग्राहियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए अब राशन प्रदाय करने की तिथि को बढ़ाने की मांग उठने लगी है। राशन दुकानों के आगे इन दिनों लंबी लंबी लाइन देखने को मिल रही है। राशन मिलने की प्रक्रिया ऑनलाईन होने, सर्वर डाऊन होने, एक एक हितग्राही का सात से आठ बार ओटीपी आने सहित अन्य समस्याओं को लेकर उपभोक्ताओं में शासन प्रशासन के प्रति जमकर नाराजगी है। इस बात को लेकर पार्षद एवं युवक कांग्रेस नेता सद्दाम खत्री ने मोर्चा खोलते हुए आमजनों को हो रही खासी परेशानी को देखते हुए राशन वितरण की तिथि को आगे बढ़ाने सहित ओटीपी के सिस्टम को हटाकर पूर्ववत थंब मशीन के माध्यम से राशन वितरण की मांग की है। इस संबंध में आज उन्होनें मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में उन्होनें बताया कि नगरीय क्षेत्र में खाद्य वितरण हेतु तीन दुकानें संचालित है, जिसमें नगर के सभी राशन कार्ड धारकों को राशन प्रदान किया जाता है। नगरीय क्षेत्र में पहले से राशन दुकानों की संख्या कम है, ऐसे में वर्तमान सिस्टम में तीन - तीन महिने का राशन प्रदाय किये जाने से लोग हर रोज हलाकान हो रहे हैं। उन्होंनें कहा कि सिस्टम की खराबी और लाचारी के कारण एक एक कार्डधारी को राशन प्रदान करने व ओटीपी आने में दस से बीस मिनट का समय लग रहा है, जिसके कारण बड़ी संख्या में उपभोक्ता लाईन लगाने के बावजूद अभी भी राशन लेने से वंचित हैं। ऐसे में उन्होनें राशन वितरण की तिथि में वृद्धि सहित ओटीपी सिस्टम को हटाकर थंब मशीन से राशन प्रदान करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

**शुभांक**

**6-7-0**

**248-4 800-8**

**भाग्यांक**

**679-2 667-9**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की पूर्व में मेरा नाम प्रियंका वाधवानी आ. मुरलीधर वाधवानी था मेरे विवाह के पश्चात मेरा नाम कियारा आहूजा ध.प गौरव आहूजा हो गया है अब मुझे कियारा आहूजा के नाम से जाना एव पहचाना जाए।

**कियारा आहूजा**
**पति गौरव आहूजा**
**लालबाग सिंधी कॉलोनी**
**गली नं. 02**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

## नव चयनित मितानीनो की बैठक संपन्न

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव में चयनित मितानिन का विकासखंड स्तरीय बैठक हुई जिसमें कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी तथा दिशा निर्देशों की सूचना बैठक एवं कार्यशाला के माध्यम से सभी मितानिन बहनों एवं प्रेरक तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बहनों को जानकारी दी गई जिसमें प्रमुख रूप से किशोरी बालिका पूर्ण टीकाकरण गर्भवती माता संस्थागत प्रसव मातृ मृत्यु शिशु मृत्यु मलेरिया टीवी फाइलेरिया कुष्ठ एवं अन्य महामारी तथा ऑनलाइन पंजीयन के संदर्भ में विधिवत विचार हुआ है, उक्त बैठक एवं कार्यशाला सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल श्रीवास्तव द्वारा डीपीएम संदीप ताम्रकार के सहयोग द्वारा किया गया इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों का डेमोंसट्रेशन जुलाई माह में डोंगरगांव नगर में चौपाल एवं पोटल का लाइका कार्यक्रम के माध्यम से किया जाना है।

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक**
**भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्र./ अस्प.अधी/भ.क्रय/2025/ 4814 राजनांदगांव दिनांक 24/06/25

**।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) में उपचारार्थ मरीजो व् पेंशनरों के लिए औषधि भंडार में अनुपलब्ध अतिआवश्यक एवं जीवन रक्षित औषधियों, सर्जिकल, पट्टी बांधने की सामग्री / कज्युमेबल सामग्री एवं पेंशनरों की दवाइयों की पूर्ति के लिए स्थानीय स्तर पर क्रय हेतु खुली निविदा के लिए स्थानीय चिल्हर दवा विकताओं (फर्म) से सीलबंद निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसका नियम एवं शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक भारत रत. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के मुख्य भंडार से किया जा सकता है।

01. निविदा प्रपत्र मूल्य 1000 रु. / (वापसी अयोग्य) ।
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि :30.06.2025 सुबह 10.30 बजे से
03. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि : 25.07.2025 सायं 05:00 बजे तक ।
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 30.07.2025 दोपहर 03:00 बजे तक ।
05. निविदा खोले जाने की तिथि :30.07.2025 सायं 04:00 बजे से ।

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सुचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा किया जावेगा।

**संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक**
**भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शा.चि. महा. सम्बद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)**

जी - 252601767/3.

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला-खैरागढ, छुईखदान, गंडई (छ.ग.)**

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेश निषाद आ.शेखू निवासी शहर ग्राम संडी .....प.ह.नं......तहसील खैरागढ, जिला-खैरागढ, छुईखदान, गंडई (छ.ग.) ....पुत्र/पुत्री/ माता/पिता/ अन्य स्व.... शेखू .....आ. बंशी....मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 15/11/2003. को स्थान संडी... पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचारधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 30/6/25 लिखित में स्वयं / अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 19/6/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 19/6/25.**
**सुनवाई दिनांक 30/6/25**

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़ (छ.ग.)**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छ.ग.**

// ईश्तहार //

क्र./ अविअ/प्रवा0-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 23/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक..... (1) आशा सोनी पति मंछाराम सोनी, (2) रवि गणसानी पिता लख्मीचंद गणसानी, निवासी लालबाग सिंधी कॉलोनी, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम नंदई, पटवारी हल्का नंबर 41, खसरा नंबर 249/49 रकबा 0.0278 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 04/07/2021 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव**

न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

-:: ईश्तहार ::-

रा.मा.क्र. श्व-202506090100016 अ/21 (1) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम-बरगा प.ह.नं.-29, रा.नि.मं.- सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दुधेलाल कंवर आ0 तिलक राम कंवर जाति-कंवर, निवासी ग्राम बनभेड़ी पोस्ट जंगलपुर तहसील डोंगरगांव द्वारा अपने नाम व स्वामित्व की ग्राम बरगा प0ह0नं0 29 रा0नि0मं0 सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं0 317/2 रकबा 1.28 एकड़/0.5180हे0 भूमि को मकान निर्माण, उन्नत कृषि कार्य एवं बच्चों की शिक्षा हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी व्यक्ति श्री धानेश्वर सिंह आ0 श्री योगी सिंह, निवासी शिवनाथ वाटिका के पीछे, जनता कॉलोनी राजनांदगांव के पक्ष में विक्रय की अनुमति प्रदाय करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में भू-राजस्व संहिता की धारा 165 के प्रावधानों के तहत विस्तृत जांच एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रकरण इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

आवेदक के स्वामित्व की उक्त आवेदित भूमि विक्रय की अनुमति प्रदाय किये जाने के संबंध में विचाराधीन प्रकरण में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 09/07/2025 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार अथवा सुनवाई नही की जावेगी।

अतएव उक्त ईश्तहार/उद्घोषणा आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक :- 23/06/2025.**
**सुनवाई दिनांक :- 09/07/2025**

सील **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506091100030**

विषयः- ब-121. मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
दीवानभेड़ी प.ह.न. 00011 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- जादूराम,
अनावेदक पक्षकार -छ0 ग0 शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जादूराम आ0 मोहनू राम जाति गोड़ निवासी ग्राम दीवानभेड़ी पटवारी हल्का नं0 11 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने बहन फटकन बाई की मृत्यु दिनांक 15/02/2020 को ग्राम दीवानभेड़ी में होने के कारण अपने बहन का मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्रमांक 66110625000992, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 30.06.2025 को स्वंय अथवा अपने प्राधिक़त अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एव पदमुद्रा से आज दिनांक 16/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506091100031**

विषयः-ब-121. मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
दर्राबांधा प.ह.न. 00014 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार -सरिताबाई.
अनावेदक पक्षकार -छ0 ग0 शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरिताबाई पति रघुनाथ मंडावी निवासी ग्राम दर्राबांधा पटवारी हल्का नं0 14 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने सास सुरपत बाई की मृत्यु दिनांक 18/08/2008 को ग्राम दर्राबांधा में होने के कारण अपने सास की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्रमांक 66230625001728, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 30.06.2025 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एव पदमुद्रा से आज दिनांक 16/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

## ज्ञान मंथन

*1) इंडो-तुर्किये फ्रेंडशिप एसोसिएशन की शुरुआत किस शहर में की गई है?*

*2) प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 2025 की मेजबानी कौन सा शहर करेगा?*

*3) बिग बेन को किसने बनाया था?*

*4) अपने सभी ग्लेशियरों को 17 मई, 2024 को खोने वाला पहला देश कौन-सा देश बना?*

*5) राजस्थान के किस राष्ट्रीय उद्यान में एक दुर्लभ मांसाहारी पौधा च्यूट्रिकुलारियाज् पाया गया है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) हैदराबाद (2) भुवनेश्वर (3) ऑगस्टस पुगिन (4) वेनेजुएला (5) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान 000

# वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**मानपुर/ औंधी (नांदगांव टाइम्स)।** मोहला मानपुर वन विभाग एवं 27वीं बटालियन भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन, इस सीजन में संयुक्त प्रयासों से 11,001 वृक्ष लगाए जाने का लक्ष्य

। 27वीं बटालियन भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल एवं जिला वन विभाग के द्वारा ग्राम महका के आसपास के क्षेत्र में एक पेड़ माँ के नाम एवम् धरती,आबा जन भागीदारी अभियानों के अंतर्गत स्थानीय जन समुदायों के साथ मिलकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है वन विभाग, ग्रामीणों एवं आईटीबीपी के जवानों द्वारा फलदार एवं छायादार वृक्षों सहित सैकड़ों पौधों का रोपण किया गया । स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि माँ के नाम पर लगाए गए वृक्ष न केवल पर्यावरण की रक्षा करेंगे बल्कि भावनात्मक रूप से भी समाज को जोड़ने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाना, धरती आबा अभियान को मजबूती देना एवं मातृत्व सम्मान के प्रतीक स्वरूप एक विशेष पहल को जन-जन तक पहुँचाना है ।

इस अवसर पर दिनेश कुमार पटेल (डी0एफ0ओ0), 27वीं वाहिनी के कमांडेट विवेक कुमार पांडेय, अनिल तिवारी, सहायक कंमाडेंट , वन विभाग के रेंजर श्री बी0आर0ठाकुर-मानपुर, श्री अयुब शेख-औंधी, श्री के0के0यादव-मानपुर, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंमाडेंट एवं डी0एफ0ओ0 ने वृक्षारोपण और वनों को संरक्षित करने के प्रयासों को जन आंदोलन बनाने पर बल दिया एवं कहा कि इस सीजन मे इन अभियानों में 11,001 वृक्ष लगाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संवर्द्धन करना सभी का दायित?व है एवं धरती आबा कार्यक्रम एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियानों से जनजातीय समूहों एवं जिलों के आम जनों तक सशक?तीकरण का संदेश एवं जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति हर ग्रामवासी तक जागृति पहुंचनी चाहिए एवं सरकारी योजनाओं का लाभ भी घर-घर पहुँचे इसके लिए सभी ग्रामवासी सचेत बनें।



## माथलडबरी स्कूल में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखंड के ग्राम माथलडबरी में संकुल स्तरीय शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जागृति चुन्नी यदु जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्षता प्रेम सिन्हा अध्यक्ष शाला विकास समिति, विशेष अतिथि सरपंच मधु ओमेश यदु , प्रदीप पटेल, दयानंद निषाद टुमन लाल साहू और बीईओ रोहित लाल थे कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई और सभी स्कूली बच्चों को गणवेश, पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जागृति चुन्नी यदु ने। बच्चों को आशीर्वाद के रूप में शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी प्राप्त करने बात कही, इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला के संस्था प्रमुख गणेशा नेताम, सहायक शिक्षक मीना पटेल,मालतेस्वरी कुल्हारेप्यारे लाल पटेल , देवप्रकाश पटेल, कामता प्रसाद साहू , दुलारी यदु, बृज मोहन साहू दयाराम साहू और संकुल के समस्त शिक्षक एवं पालको, तथा ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## गुंगेरी नवागांव स्कूल में खीर-पूड़ी खिलाकर मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुंगेरी नवागांव में शाला प्रवेश उत्सव पर खीर-पुड़ी खिलाया गया साथ ही शासन से मिलने वाले निःशुल्क गणवेश का वितरण भी किया गया । ग्राम पंचायत द्वारा सभी बच्चों को कॉपी व पेन भी वितरित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जागृति चुन्नी यदु ,अध्यक्षता विवेक मण्डवी, विशेष अतिथि ग्राम के सरपँच भेलेन्द्र नेताम,उपसरपंच छन्नू पटेल,ग्राम प्रमुख पन्ना यादव, डॉ खेमू दास, गया यादव ,हेमंत साहू का शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा स्वागत किया गया ।इस अवसर पर संकुल प्रभारी ए. आर साहू.समन्वयक नीलमणी साहू, प्रभारी प्रधानपाठक गैंद लाल डाहरे, शिक्षक माधव साहू , रोमनाथ श्रीवास ,शिक्षिका दीपिका साहू, अंजू देवांगन ग्रामप्रमुख पन्ना यादव, डॉ खेमुदास साहू, हेमन्त साहू ,टीलेश्वर साहू,अमरनाथ, व बच्चे उपस्थित थे।

# संस्कारधानी सेवा संस्थान ने मांगे जिपं सीईओ से 1000 पौधे

### सीईओ ने वन विभाग की मुढ़ीपार नर्सरी से पौधे देने परिक्षेत्र अधिकारी को किया निर्देशित



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजू डागा, सचिव योगेश खत्री, कोषाध्यक्ष राजकुमार बाफना, आलोक बिंदल, उपाध्यक्ष राजा मखीजा, संजू तेजवानी व वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे ने संयुक्त तौर से जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह को मांग पत्र सौंप कर 1000 पौधों की मांग की है उन्होंने कहा कि संस्कारधानी को हरा भरा बनाने में यह संस्थान प्रतिवर्ष रुचि रखता रहा है। संस्थान द्वारा रोपे गए कई पौधे बड़े होकर लोगों को सुख पहुंचा रहे हैं। संस्थान के पदाधिकारी ने कहा कि उनका संकल्प है कि करीब 1000 पौधे शहर विभिन्न क्षेत्रों में लगाकर उनका संरक्षण और संवर्धन कर अहम भागीदारी निभाएंगे। उनकी इस मांग पर जिला पंचायत सीईओ ने आश्वस्त किया है क्यों नहीं मिश्रित प्रजाति के छायादार फूलदार फलदार पौधे शीघ्र ही उपलब्ध करा दिए जाएंगे। संस्थान का पत्र प्राप्त होने के बाद जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह ने वन परिक्षेत्र अधिकारी राजनांदगांव को पत्र लिखकर उपलब्धता अनुसार उपलब्धता अनुसार उक्त संस्थान को पौधे प्रदान करने का निर्देश दिया है।

## राजनांदगांव जिले में अब तक 245.7 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 245.7 मिमी बारिश एवं औसत 35.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 28.1 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 3.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 86.9 मिमी, घुमका तहसील में 63 मिमी, छुरिया तहसील में 19.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 22.5 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 22 मिमी बारिश दर्ज की गई है। राजनांदगांव तहसील में सर्वाधिक वर्षा 86.9 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 44.4 मिमी एवं औसत 6.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 7.2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 1.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 5 मिमी, घुमका तहसील में 2.5 मिमी, छुरिया तहसील में 4.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 11 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 12.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## पीएमश्री सीजेस कक्षाओं में रिक्त सीटों पर 30 जून को अंतिम तिथि

**डोंगरगांव।** पीएमश्री सेजेस डोंगरगांव में लॉटरी के उपरांत शेष बची कुछ कक्षाओं की रिक्त सीटों पर जिला शिक्षा अधिकारी के अनुमति उपरांत पुन: प्रवेश के लिये अंतिम तिथि 30 जून को 12:00 बजे तक योग्य विद्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। प्रवेश का कार्यवाही सीधे आवेदन या अधिक होने पर लॉटरी के माध्यम से उसी दिन 30 जून को समय 2:00 बजे सम्पन्न की जायेगी। रिक्त सीटों की जानकारी स्कूल के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

## कबीरधाम में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 12वां चरण शुरू

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर अभियान की स्वास्थ्य अधिकारी कर रहे है निगरानी जिले को मलेरिया से पूर्णत: मुक्त करने के संकल्प के साथ मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का बारहवां चरण कबीरधाम जिले में 25 जून से प्रारंभ हो गया है। यह चरण आगामी 24 जुलाई 2025 तक जिले के चिन्हित अति संवेदनशील, दुर्गम और मलेरिया प्रभावित ग्रामों में संचालित किया जा रहा है।

# रेत की कीमतों पर शासन प्रशासन का नियंत्रण नहीं - भागवत साहू



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा है कि जिले में रेत की कीमतों पर शासन प्रशासन का नियंत्रण नहीं होने से निजी अर्ध शासकीय व शासकीय निर्माण कार्यों में अड़चने आ रही है उन्होंने कहा कि पुल, पुलिया, गली कंक्रीट कारण, प्रधानमंत्री आवास, निजी आवास आदि के कार्यों में रेत की कीमतें दुगनी होने से काम रुकने लगे हैं अथवा काम शुरू नहीं हो पा रहा है चलते हुए काम रुकने लगे हैं। श्री साहू ने आगे कहा कि कुछ समय पहले गर्मी के दिनों तक जिले में रेत की आपूर्ति धमतरी और चाराआमा से हो रही थी। अब बरसात लग जाने के कारण वहां की रेत खदाने बंद हो गई है। इधर राजनांदगांव जिले में 5 साल पहले तक दर्जन भर रेत खदान चल रही थी। लेकिन चार-पांच साल से बंद है इस वजह से चोरी छुपे रेत का उत्खनन परिवहन करने वालों ने भारी मात्रा में रेत डंप करके जहां-तहां रखा है अब इस डंप रेट को भारी मुनाफाखोरी करके बेची जा रही है। चार-पांच साल पहले तक 12 हजार व 14 हजार प्रति हाईवे मिलने वाली रेत अब 25 हजार से 26 हजार रुपए प्रति हाईवे बिक रही है। यदि शासन ने रेत की कीमतों पर लगाम नहीं कसा तो शासकीय अर्ध शासकीय व निजी कार्यों के गति पकड़ने पर विराम लग सकता है जिले में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने हैं। गरीबों के प्रधानमंत्री आवास निर्माण पर रेत के कीमतें बढ़ी होने से ठेकेदार हाथ खींच सकते हैं इस तरह निर्माण कार्यों में बाधा खड़ी होने की आशंका बलवती हो गई है।

# राजनांदगाव ब्लॉक सरपंच संघ का चुनाव हुआ सम्पन्न, जितेन्द्र साहू बने सर्वसहमति से अध्यक्ष



**राजनांदगाव (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक सरपंच संघ का बैठक बुधवार को राजनांदगाव जनपद पंचायत सभाकक्ष मे हुआ।बैठक मे ब्लॉक के सभी सरपंच उपस्थित थे जिसमे संघ के पदाधिकारी का चयन भी किया गया जिसमे भोथीपार खुर्द के सरपंच जितेन्द्र साहू को सर्वसहमति से अध्यक्ष चुना गया हैं।इसी प्रकार उपाध्यक्ष श्रीमती लिसमृता मानिकलाल वर्मा(अमलीडीह), बैधनाथ सिन्हा(मनगटा),हिपेंद्र साहू(सुंदरा), डिल्लू राम साहू(डोडिया)सचिव पुनिता साहू (उपरवाह)सह सचिव अनामिका यादव(मनकी), रमाकांत (जोरातराई)कोषाध्यक्ष मालिखम कोसरे(बासुला) मिडिया प्रभारी अभिषेक पाटिला(ककरेल)अजित महिपाल (महरूम खुर्द)सोशल मीडिया-अक्षय क्षत्रिय कार्यकरणी सदस्य हिना साहू(पदुमतरा), ऐश्वरया साहू (ठाकुरटोला), संतोषी वैष्णव(भाठागांव), प्रभा वैष्णव(भनपुरी), चुनेश्वर साहू (कोपेडीह), लक्ष्मी बंजारे (भर्रेगाँव )सरपंचो को संघ के कार्यकरणी के रूप मे रखा गया। द्गसमस्त पदाधिकारीओ को जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा रमेश चंद्राकर, जनपदद्ग द्गसीईओ श्री मनीष साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमति अनीता सिन्हाद्ग द्वद्वारा परिसर के सामने तिलक लगाकर बधाई दिया गया।


## धर्म समाचार....

# जुलाई में 6 ग्रहों की बदलेगी चाल, जानिए किन राशि वालों को रहना होगा सावधान

जुलाई 2025 बहुत महत्वपूर्ण घटनाएं होने जा रही हैं। इस महीने में तीन ग्रह गोचर बदलकर दूसरी राशियों में जा रहे हैं। वहीं, तीन ग्रहों की चाल और दशा में बदलाव होगा। सूर्य, मंगल और शुक्र राशि बदल रहे हैं। इसके अलावा गुरु, शनि और बुध की स्थिति में बदलाव होगा। जानते हैं ग्रहों के इस गोचर से किन राशि के जातकों को रहना है सावधान।

ग्रहों की स्थिति में बदलाव की वजह से कुछ राशियों के जातकों को करियर और व्यवसाय में नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी को प्रतिष्ठा की हानि होगी, तो किसी को पार्टनर के साथ अनबन का सामना करना पड़ सकता है। ग्रहों के राशि परिवर्तन की बात करें तो सूर्य मिथुन राशि से निकलकर अपनी नीच की राशि कर्क में गोचर करेंगे। वहीं, शुक्र अपनी वृष राशि से निकलकर मिथुन राशि में देवगुरु बृहस्पति के साथ युति बनाएंगे। साथ ही मंगल भी सिंह राशि से निकलकर कन्या राशि में प्रवेश करेंगे।

**इन ग्रहों की बदलेगी स्थिति**




मिथुन राशि में फिलहाल अस्त चल रहे देवगुरु बृहस्पति 9 जुलाई 2025 को 10:50 मिनट पर मिथुन राशि में उदित हो जाएंगे। इसके बाद 13 जुलाई को शनि देव मीन राशि में वक्री होंगे। 18 जुलाई को बुध अपनी शत्रु राशि कर्क में वक्री होंगे और 24 जुलाई को इसी राशि में अस्त भी हो जाएंगे।

इन राशियों के लोग रहें सावधान

कर्क राशि के जातकों के लग्न में नीचे के होकर सूर्य देव विराजमान होंगे। इसकी वजह से उनके आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। व्यापार में विशेष लाभ नहीं मिलेगा। पार्टनर के साथ में अनबन हो सकती है। वही शुक्र 12वें घर में बैठकर खर्च को बढ़ाने का काम करेंगे। सिंह सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने का रहेगा। सिंह के स्वामी सूर्य 12वें घर में मौजूद होंगे। यहां बैठकर वह स्वास्थ्य के साथ ही कोर्ट कचहरी के मामले या विवाद की स्थितियों को पैदा कर सकते हैं। विरोधी परेशान कर सकते हैं। तुला राशि के जातकों के लिए सूर्य नीच के होकर दशम स्थान यानी कार्यस्थल पर बैठे हुए हैं। ऐसे में इस समय पर पद-प्रतिष्ठा में गिरावट आ सकती है। व्यापार में विशेष लाभ नहीं मिलेगा। कर्क में ही बुध के वक्री और फिर अस्त हो जाने से यह समय व्यापार के लिहाज से बेहतर नहीं रहेगा। शनि के वक्री होने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां आ सकती हैं। कोर्ट कचहरी के मामले लंबे चल सकते हैं। मकर राशि के जातकों के लिए सूर्य का सप्तम स्थान में नीचे का होकर बैठना शुभ नहीं हैं। यहां पर बुध का पहले वक्री फिर अस्त होना यह बताता है कि जुलाई में पार्टनर के साथ में संबंध खराब हो सकते हैं। पार्टनरशिप का बिजनेस यदि कर रहे हैं, तो उसमें भी संबंधों के बिगड़ने का जोखिम रहेगा। शुक्र के मिथुन राशि में छठे घर में होने से अपने संवाद संभाल कर करें, वर्ना बिना वजह विवाद खड़ा हो सकता है।

## भारत का रहस्यमयी गांव: जहां रची गई थी महाभारत, भगवान गणेश ने यहीं दिया था सरस्वती नदी को श्राप



व्यास गुफा सरस्वती नदी के तट पर बसा है। वहीं, तीन किलोमीटर की दूरी पर बद्रीनाथ है। माणा गांव न केवल धार्मिक, बल्कि पर्यटन के लिए भी दुनियाभर में प्रसिद्ध है। बड़ी संख्या में पर्यटक माणा गांव घूमने आते हैं। यह जगह स्वच्छ वातावरण और शुद्ध हवा के लिए जाना जाता है। उत्तराखंड को देवी की भूमि कहा जाता है। यह भूमि धार्मिक स्थल के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। इनमें चारधाम तीर्थ स्थल केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री प्रमुख हैं। इसके अलावा, कई अन्य पतित पावन तीर्थ स्थल हैं। हर की पौड़ी, हरिद्वार, ऋषिकेश आदि स्थल अपनी धार्मिक विशेषता के लिए जाना जाता है। गंगा का उद्गम भी उत्तराखंड में हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर मौसम में उत्तराखंड की यात्रा करते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि उत्तराखंड में एक ऐसा गांव भी है, जिसका महाभारत से गहरा नाता है? इसे भारत का पहला गावं भी कहा जाता है। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं- उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले में माणा गांव स्थित है। यह गांव तिब्बत से केवल 26 किलोमीटर की दूरी पर है। यह गांव राष्ट्रीय राजमार्ग 7 के समीप है। आसान शब्दों में कहें तो नेशनल हाईवे 7 माणा गांव से होकर गुजरता है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई 3219 मीटर है। इस गांव में सरस्वती नदी भी बहती है। कहते हैं कि अलकनंदा और सरस्वती का संगम भी माणा गांव में हुआ है। माणा गांव में व्यास पोथी नामक स्थान है। धार्मिक मत है कि व्यास पोथी यानी व्यास गुफा में वेदव्यास जी रहते थे। इस गुफा में भगवान गणेश ने महाभारत की रचना की थी। बद्रीनाथ से व्यास पोथी की दूरी महज 3 किलोमीटर है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि भगवान गणेश महाभारत की रचना के दौरान सरस्वती नदी के तेज बहाव से विचलित हो रहे थे। उस समय उन्होंने देवी मां सरस्वती को बहाव को कम करने या आवाज को धीमा करने का अनुरोध किया। हालांकि, मां सरस्वती ने उनकी एक न सुनी। उस समय भगवान गणेश रुष्ट हो गए और सरस्वती नदी को श्राप दे दिया कि आप उद्गम स्थल पर ही विलुप्त होकर पाताल पहुंच जाएंगी।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...


क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा आज

## भंडारा प्रसादी दोपहर 11 बजे से, सुप्रसिद्ध गजा मूंग का प्रसाद मिलेगा भक्तो को



**भव्य रथ को अपने हाथों से खींचेंगे भक्त**

**श्री राम जानकी मंदिर में एकादशी तक विराजेंगे भगवान जगन्नाथ**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य रथयात्रा आषाढ़ शुक्ल द्वितीया, 27 जून शुक्रवार को बड़ी श्रद्धा-भक्ति के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। संस्कारधानी नगरी के गांधी चौक स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर से 87 वीं

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भगवान जगन्नाथ



रथयात्रा निकाली जाएगी। पारंपरिक रथ को भव्यता प्रदान की गई है। श्री जगन्नाथ मंदिर रथयात्रा आयोजन समिति के प्रमुख महेश शर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 27 जून शुक्रवार को गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सुबह 8:00 बजे से भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विशेष श्रृंगार पूजन किया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालु भक्तों के लिए भंडारा प्रसादी सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक आयोजित है। शोभायात्रा के संदर्भ में बताया गया कि शोभयात्रा प्रारंभ होने के पूर्व दोपहर 2:00 बजे भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र बहन सुभद्रा एवम सुदर्शन चक्र को भव्य रथ में विराजित किया जाएगा। पूजा, आरती के पश्चात दोपहर 2:30 बजे रथ की रस्सी को सैकड़ों भक्त माता-बहनों एवम बंधुओं द्वारा अपने हाथो से खींचा जाएगा एवं रथयात्रा प्रारंभ होगी। इस दौरान संस्कारधानी की विभिन्न भजन मंडलियों के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। ढोल नगाड़े की थाप भी रथयात्रा की शोभा बढ़ाएगी।

**रथ यात्रा मार्ग इस प्रकार होगा**

रथयात्रा नगर के गांधी चौक से दुर्गा चौक, बालगोविंद चौक, बसंतपुर थाना से सदर बाजार, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग से श्री श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन, भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक से जयस्तंभ चौक से भ्रमण करते हुए जूनी हटरी स्थित श्री राम जानकी मंदिर पहुंचेगी। यहां जगत के नाथ का स्वागत पारंपरिक सनातन संस्कृति के अनुसार किया जावेगा। भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक श्रीराम जानकी मंदिर में ही विराजेंगे एव

रथयात्रा के दौरान सुप्रसिद्ध गजा मूंग का प्रसाद भक्तो को प्राप्त होगा। आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक भगवान का रथ इसी मंदिर के द्वार पर खड़ा रहेगा। एकादशी के दिन भगवान पुन: अपने रथ पर विराजमान होकर बाजे गाजे के साथ अपने गांधी चौक स्थित मंदिर में पधारेंगे। इस प्रकार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पूर्ण होगी। श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आयोजन समिति ने नगर के धर्म प्रेमी माताओं-बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि वे रथ यात्रा में शामिल हो अपने हाथों से जगन्नाथ महाप्रभु के रथ को खींचकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करें। जिन मार्गो से रथ निकलेगा उन मार्गों में निवासरत धर्म प्रेमी माता, बहने एवम बंधु अपने अपने द्वार पर जगन्नाथ महाप्रभु का दर्शन पूजन कर प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा दूध कोल्डड्रिंक वितरण**

राजनांदगांव आषाढ़ शुक्ल द्वितीया भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आज गांधी चौक स्थित प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए जब कामठी लाइन पहुंचेगी तब श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा श्री सत्यनारायण धर्मशाला के सामने भगवान श्री जगन्नाथ एवं रथ यात्रा में शामिल भक्तों का भव्य स्वागत शीतल दूध कोल्ड ड्रिंक से किया जावेगा। मंदिर समिति द्वारा अनेक वर्षों से रथ यात्रा में शामिल भक्तों को शीतल पेय का वितरण किया जा रहा है।

# राजनांदगांव स्विमिंग पूल में जलक्रीड़ा पूर्व कराया गया योगाभ्यास

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 50 बच्चों ने जल में रहकर किया योगाभ्यास



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विगत 21जून को राजनांदगांव के अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के अंदर स्थित स्विमिंग पूल में सुबह सभी तीन पालियों में तैरना सीखने आने वाले बच्चों ने वहां के प्रशिक्षकों के साथ साउत्साह योग किया। सभी ने आज योग करने के बाद खुशी जाहिर करते हुए योग प्रसार का निर्णय भी लिया। राजनांदगांव अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के अंदर संचालित स्विमिंग पूल के प्रबंधक एवं मुख्य प्रशिक्षक यशवंत सिन्हा ने बताया कि यहां सुबह तीन पालियों में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर उन्हें तैराकी सीखाने या जल कीड़ा करने आते हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यहां सुबह की तीनों पलियों में सीखने आने वाले बच्चों ने जल के अंदर रहकर योग की एवं प्राणायाम की कुछ जरूरी क्रियाएं की। यशवंत सिन्हा ने बताया कि यहां सभी बच्चों को योग प्राणायाम आदि के बारे में इसके आध्यात्मिकता व भौतिक रूप से फायदे के बारे में बताया गया। सभी से प्रण कराया गया कि वे अपने जीवन में योग के महत्व को समझेंगे और इसका अनुशरण करेंगे और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। यशवंत सिन्हा ने बताया कि आज लगभग 50 बच्चों ने तीन पालियों में जल क्रीड़ा के पूर्व 15 से 20 मिनट तक योग व व्यायाम किया तथा बीच बीच में इससे जुड़े नारे करो योग,रहो निरोग को बुलंद किया।



## प्रदेश प्रभारी को डाकलिया ने दी पार्टी गतिविधियों की जानकारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव शहर



कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व निगम अध्यक्ष रमेश डाकलिया ने सोमवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से रायपुर प्रवास के दौरान मुलाकात कर शहर कांग्रेस की गतिविधियां एवं कांग्रेस भवन के निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। श्री डाकलिया ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के प्रयास से ही लगभग 30 वर्ष से जीर्ण-शीर्ण हो चुके कांग्रेस भवन का नवनिर्माण का कार्य शुरू हो गया है। उक्त प्रयास में संयोजक श्रीकिशन खंडेलवाल, धनेश पाटिला, कुतबुद्दीन सोलंकी, दिनेश शर्मा, भागवत साहू, कुलबीर सिंह छाबड़ा, शारदा तिवारी, हेमा देशमुख, आफ्ताब आलम, कमलजीत सिंह पिंटू, अशोक फड़नवीस, रूबी गरचा, पंकज बांधव, सुदेश देशमुख, रूपेश दुबे, झम्मन देवांगन।

# सड़क ठेकेदार के बेटे पर कर्मचारी से मारपीट पर एफआईआर

## पहले भी हो चुकी है एफआईआर, कार्यवाही सिफर

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में सडक् चौड़ीकरण अंतर्गत लगभग 18 करोड़ की लागत से बन रहे सडक् निर्माण लगातार सुर्खियों में है। आम जनता, मीडिया के अलावा कांग्रेस भाजपा के जनप्रतिनिधि एक लम्बे समय से सडक् निर्माण में हो रही लेटलतीफी, इसकी गुणवत्ता सहित अन्य मामलों को लेकर काफी मुखर रहे हैं। लेकिन अब सडक् निर्माण के ठेकेदार के पुत्र द्वारा पीडब्ल्यूडी कर्मचारी के साथ गाली गलौच, जान से मारने की धमकी के साथ कर्मचारी के दुपहिया वाहन को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। पुलिस में दर्ज एफआईआर अनुसार प्रार्थी कृष्णाराम सिन्हा आ. रूपराम सिन्हा ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह पीडब्ल्यूडी विभाग में स्थल सहायक के पद पर कार्यरत है। नगर में सडक् चौड़ीकरण का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके अंतर्गत इन दिनों करियाटोला गांधी पेट्रोल पंप और ठाकुर पेट्रोल पंप के बीच में नाली निर्माण का कार्य ठेकेदार लेखराम साहू के पुत्र राजेन्द्र साहू के द्वारा कराया जा रहा है। सोमवार को वह जब निर्माण कार्य को देखने मौके पर पहुंचा तो देखा कि ठेकेदार पुत्र द्वारा मनमानी करते हुए नाली में टूटे हुए पाईप को लगवाया जा रहा था, जिसको मना करने पर ठेकेदार के पुत्र राजेन्द्र साहू द्वारा आवेश में आकर पहले तो उसको भद्दी भद्दी गाली दी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इतने पर भी जब उसका मन नहीं भरा तो उसने मिक्कर मशीन से उसके बाईक क्र. सीजी 08 एजी 2609 को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके कारण उसके मोटरसाइकिल का साईड पेनल, लेग गाड आदि क्षतिग्रस्त हो गया। उक्त घटना को वहां पर उपस्थित कुछ लोगों ने देखा भी है। पुलिस ने पीडब्ल्यूडी के स्थल सहायक की रिपोर्ट पर ठेकेदार के पुत्र राजेन्द्र साहू के विरूद्ध बीएनएस की धारा 296, 324(6) तथा 351(3) के तहत् मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पता चला है कि इससे पहले भी पीडब्ल्यूडी के एक कर्मचारी के साथ गाली गलौच करने तथा अपने अंडर काम करने वाले कर्मचारियों को वेतन का भुगतान न करने के संबंध में भी उक्त आरोपी के विरूद्ध लगभग एक माह पूर्व थाने में शिकायत हो चुकी है। उक्त मामले में पुलिस ने क्या कार्यवाही की है, इसकी जानकारी नहीं मिली है।




सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092


# विशेष शिक्षा व सांकेतिक भाषा में करियर का सुनहरा अवसर : सीआरसी ठाकुरटोला में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** सीआरसी ठाकुरटोला, राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु दो वर्षीय डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन एवं डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया 12 जून से 12 जुलाई 2025 तक जारी है। यह प्रशिक्षण विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करने और भारतीय सांकेतिक भाषा में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इच्छुक अभ्यर्थी राष्ट्रीय बीईईआर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सीमित सीटों के कारण विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे समय रहते फॉर्म भरें। पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता, पाठ्यक्रम संरचना और शुल्क संबंधी विस्तृत जानकारी बीईईआर पोर्टल पर उपलब्ध है। यह कोर्स न केवल रोजगार के नए अवसर प्रदान करता है, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने की दिशा भी प्रशस्त करता है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें श्री गजेन्द्र कुमार साहू ☏ 91653 14300 श्री पुनीत राम साहू ☏ 97535 91841। ये कोर्स दिव्यांगजनों की सेवा में समर्पित भविष्य निर्माण की दिशा में एक प्रभावी कदम है।








प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com